

## एक नजर में

### विश्व एड्स दिवस जन जागरुकता कार्यक्रम




**ब्यावरा 01 दिसम्बर, का.** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी राष्ट्रीय सेवा योजनाए राष्ट्रीय कैडेट कोर के द्वारा एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालयीन प्राचार्य डॉक्टर आरके गुप्ता ने छात्र .छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा के एड्स एक गैर ईलाज वाली बीमारी है इसका बचाव ही ईलाज है रेडक्रॉस सोसाइटी प्रभारी डॉ अवधेश टुंडेलकर ने कहा की एड्स से प्रभावित व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता दिनों दिन कम होती जाती है और एड्स से प्रभावित व्यक्ति को कॉफी इलाज के बाद भी स्वास्थ्य लाभ नहीं मिलता है. इसके अलावा एड्स जागरूकता के अंतर्गत छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारी के द्वारा रैली का आयोजन एवं साथ में ही जन जागरूकता हेतु महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया .अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ . केएन मीना ने कार्यक्रम में पधारे हुए समस्त जनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया. इस कार्यक्रम में डॉ पीके खरे, प्रोफेसर इंदिरा सांकवा, प्रो हेमंत कुमार शर्मा, डॉ दिलीप गुप्ता, डॉ एचएल प्रजापति डॉ मनीद्र रघुवंशी, सुश्री वीणा हरोड अन्य कर्मचारी एवं छात्र .छात्राएं उपस्थित रहे .

### युवाओं ने वर्ल्ड एड्स डे पर लोगों को जागरूक किया



**जीरापुर 01 दिसम्बर, सं.** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय में सिनर्जी संस्थान एवं एसबीआई फाउंडेशन, ऑन व्हील्स कार्यक्रम के अंतर्गत एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा, समस्त स्टाफ स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कार्यक्रम की शुरुआत की. इस दौरान सिनर्जी संस्थान जिला समन्वयक संतोष सेन, डॉ. राजेश चौधरी ने विश्व एड्स दिवस की थीम, समाज में फैली भ्रांतियों तथा भेदभाव को दूर करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला. उन्होंने युवाओं को सुरक्षित व्यवहार अपनाने और जागरूक रहने का संदेश दिया. एचआईवी जागरूकता पर आधारित एक फिल्म भी प्रदर्शित की गई. स्वास्थ विभाग जिला हेल्थ चेकअप टीम द्वारा युवाओ का हेल्थ चेकअप भी करवाया गया .लगातार 5 सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को भेंट देकर प्रोत्साहित किया गया. रैली निकाली .अंत में सभी प्रतिभागियों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक रहने और भेदभाव-मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई गई. सिनर्जी संस्थान जिला समन्वयक संतोष सेन डॉ. राजेश चौधरी, दुर्गेश दांगी, सुगन दांगी, सुनील दांगी, शीतल मेनिया उपस्थित रहे.

# ट्रेन से कटकर युवक ने जान दी

## पत्नि से मिलकर लौटा और रेल्वे ट्रैक पर मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**पुलिस ने प्रकरण विवेचना में लिया पारिवारिक विवाद की बात सामने आई**




**नवभारत न्यूज**

**करनवास 01 दिसम्बर, सं. समीपस्थ करनवास थाना अंतर्गत सोमवार को एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत का मामला प्रकाश में आया है. घटना करनवास के पास ग्राम भाटखेड़ी रेलवे ब्रिज के पास हुई. मृतक की पहचान खुजनेर थाना क्षेत्र के ग्राम देहरी कराड निवासी लखन वर्मा ( 25 वर्ष ) के रूप में हुई है. मामले में पुलिस ने प्रारंभिक जांच की जिसमें घटना का कारण पारिवारिक विवाद के रूप में सामने आया है. पुलिस के अनुसार सुबह मृतक लखन ने अपनी पत्नि को फोन कर अपने बेटे योगेश को ले जाने के लिए कहा था. जिस पर दोनों के बीच फोन पर बहस हुई.** बहस होने के बाद लखन अपनी बीवी से मिलने के लिए करनवास के समीप ग्राम नापल्या खेड़ी पहुंच गया. यहा बातचीत के बीच फिर से विवाद निर्मित हो गया. मामला बढ़ने पर लखन गुस्से में अपनी बाइक लेकर वहां से निकल गया. कुछ ही देर बाद सूचना मिली कि उसका शव ग्राम भाटखेड़ी रेलवे ब्रिज के पास मिला है. प्रथम दृष्टया उसने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली. स्थानीय लोगों की सूचना पर करनवास पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची. मृतक के रिश्तेदार सूरज वर्मा (36 वर्ष), निवासी ब्यावरा, ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस ने इस आधार पर देहाती मर्ग कायम किया है.

### आत्महत्या का संदेह, जांच में जुटी पुलिस



शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल, ब्यावरा भेजा गया .करनवास थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया, प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है . मर्ग कायम कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है. पुलिस इस मामले के हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है.



# ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पेंशनरों ने उठाई आवाज

## इस उम्र में भी अपनी आंखों के आगे शहर को बर्बाद होते नहीं देख सकते

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 01 दिसम्बर, सं.** नगर की ज्वलंत समस्याओं के लिए राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल निज निवास पर वरिष्ठ पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी सहित मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर संघ के प्रांतीय सचिव एवं शाखा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने सौजन्य भेट करते पेंशनर संबंधी पूर्व लंबित मागों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, नगर की ज्वलंत समस्याओं की ओर ध्यान भी आकर्षित आकर्षित कराया. बताया कि ट्रैफिक अव्यवस्था के कारण नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सड़कों के दोनों और फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा सामान रख अतिक्रमण किया जा रहा है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है. शासकीय चिकित्सालय में भी आवश्यक जांच मशीन आदि सुविधाओं एवं पर्याप्त स्टाफ का अभाव है. प्रिंट मीडिया द्वारा भी समय-समय पर इस ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है. जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है. संघ सचिव नंदकिशोर सोनी ने बताया बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय सुविधा विहीन है पेयजल अत्यंत आवश्यक है. बाईपास स्थित श्री चिंतामानेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर कई बाहरी यात्री आते हैं उनकी सुविधाओं को देखते सुविधा घर, लेटबाथ कार्य जन सहयोग से हो रहा हे, परिसर में पेवर्स कार्य भी होना है. रजत जयंती अवसर पर सौंपे गए ज्ञापन अनुसार अन्य आवश्यक कार्य हेतु मंत्री जी से कहा गया है उन्होंने शीघ्र उचित कार्यवाही के लिए आश्वस्त किया है उन्होंने कहा नगर विकास मेरी प्राथमिक आवश्यक जिम्मेदारी है.

# मौलाना के बयान का विरोध, ज्ञापन सौंपा

## ब्यावरा, राजगढ़ में विहिप ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 01 दिसम्बर, का.** मौलाना महमूद अरशद मदनी का पिछले दिनों भोपाल में दिया गया बयान भड़काऊ, देशद्रोही और विभाजनकारी है. उपरोक्त आरोप लगाते हुए विहिप, बजरंगदल ने इस पर आपत्ति जताते हुए कार्रवाई की मांग की है.

विहिप पदाधिकारियों अशोक गुप्ता, डॉ.अशोक अग्रवाल, हर्ष तोमर, संतोष चौरसिया, मनोज पाठक, शैलेन्द्र सिंह नरुका, बिट्टू पंडित, प्रदीप कारपेंटर, देवराज दांगी, विजय कुशवाह, डॉ.गुलशन कारपेंटर, शैलू प्रजापति, संजय शिवहरे, नरेन्द्र लववंशी, दीपक विश्वकर्मा, सोनू धनोलिया, हरीओम हाड़ा, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए मौलाना महमूद अरशद मदनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की है.

### मौलाना मदनी के खिलाफ दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 01 दिसम्बर, का.** सोमवार को कोतवाली थाना परिसर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित होकर कोतवाली पहुंचे जहां पर भोपाल में मोहम्मद अरशद मदनी के द्वारा दिए गए भड़काऊ भाषण के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ज्ञापन दिया गया. एवं संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई. विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पदाधिकारी ने कहा कि अत्यधिक भड़काऊ व देशद्रोही और विभाजनकारी भाषण का हम विरोध करते है. इस तरह की मानसिकता रखने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए. इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, जिला मंत्री मयंक जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष ममता रानोलिया, बल उपासना प्रमुख चेतराम गुर्जर, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख लखन गुर्जर, गोरक्षा प्रमुख लक्ष्मीनारायण तवर, चंदन गुर्जर, कुलदीप गुर्जर, प्रकाश तवर, सोनू गोड़, अभिषेक पिपलोटिया सहित विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गढ़ बड़ी संख्या में उपस्थित थे.




### रैली निकालकर जागरूक किया

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 01 दिसम्बर, का.** नगर में संचालित निर्विन्ध्या नर्सिंग महाविद्यालय ब्यावरा के विद्यार्थियों के द्वारा एड्स दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई. रैली में नारों और स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गय. रैली में सिविल हॉस्पिटल ब्यावरा के डा. सोरेन दत्ता, डा. राकेश गुप्ता, डा. शरद साहू, संदीप ब्रजपुरिया, श्रीमती मनीषा चौहान, श्रीमती मंजुलता, कु. रीना दांगी, शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य आर. के. गुप्ता शामिल हुए. रैली शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए पीपल चौराहे पर पहुंचकर समापन हुआ. जहां पर लोगो को जागरूक किया ओर एड्स जैसी जानलेवा बीमारी से बचने के उपाय बताएं. रैली में महाविद्यालय के स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे.

# प्रेम, त्याग और तपस्या का नाम है रामायण

**नवभारत न्यूज**

**पचोर 01 दिसम्बर, सं.** श्री राम भक्त हनुमान मंदिर भोजपुरिया पर चल रही नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के दौरान विदुषी प्राची जी भक्ति वैष्णवी ने कहा कि देश में भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी बहुत बड़ी समस्या है इस समस्या का समाधान जब हो सकता है जब महिला शक्ति यह निर्णय ले ले के हम भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी के पैसों से ना तो बच्चों को खिलाएंगे पिलाएंगे और ना ही रिश्वत के पैसे से बच्चों को पढ़ाएंगे दिखाएंगे और ना ही भ्रष्टाचार के पैसे से भौतिक सुख सुविधाओं का उपयोग करेंगे तो भ्रष्टाचार देश से समाप्त हो सकता है. भक्ति वैष्णवी प्राची जी ने श्री राम भरत मिलन प्रसंग का अत्यंत हृदयस्पर्शी वर्णन किया. प्राची जी ने बताया कि भरत का सिंहासन त्यागकर राज्य श्रीराम को अर्पित करना प्रेम, त्याग और निष्ठा का अनुपम उदाहरण है. मारीच प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि रावण के आदेश पर छल का रूप धारण करने के बावजूद मरीच के अंतर्मन में श्रीराम के प्रति अत्यंत श्रद्धा थी. इस अवसर पर मंदिर समिति के सभी सदस्यों ने प्राची जी भक्ति वैष्णवी का शाल श्रीफल फूल माला से स्वागत सम्मान किया. इस अवसर पर मुख्य रूप से लक्ष्मी नारायण गहलोत रामेश्वर शर्मा श्रीमती संध्या शर्मा कुसुम भारतीय विनती जुलानिया संधिका गुप्ता मानक देवी रजौरे रमेश चंद कारपेंटर महेश काकानी संतोष पाटीदार भारत नागर पुरुषोत्तम वैष्णव जगदीश वर्मा राजेश भारतीय विनोद विजयवर्गीय बृजमोहन शर्मा संजय तिवारी सहित कई महिला एवं पुरुष उपस्थित थे.



# क्रिकेट प्रतियोगिता में हुए रोमांचक मैच

## तीन दिवसीय जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू


**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 01 दिसम्बर, का. सोमवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अग्रणी महाविद्यालय राजगढ़ में जिला स्तरीय महाविद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ हुई.**

जिले के 8 महाविद्यालय की टीम संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हेतु भाग लेगी. तीन दिवस तक चलने वाली इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 7 मैच होंगे. जिला स्तरीय प्रतियोगिता का फाइनल 3 दिसम्बर को होगा.

जिला स्तरीय प्रतियोगिता की अध्यक्षता अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे द्वारा की गई. उद्घाटन सत्र का पहला मैच खिलचीपुर महाविद्यालय और नरसिंहगढ़ के बीच खेला गया. जिसमें खिलचीपुर विजेता रहा. मैच में ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए खिलचीपुर महाविद्यालय के मोहित ने 32 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया. पहले मैच में खिलचीपुर ने टॉस जीतकर बैटिंग की. उन्होंने सात विकेट खोकर 115 रन बनाए.

जिसके जवाब में नरसिंहगढ़ महाविद्यालय की टीम 88 रन ही बना सकी. दूसरा मैच राजगढ़ महाविद्यालय एवं सुठालिया महाविद्यालय के बीच हुआ. राजगढ़ महाविद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 158 रन बनाए. जिसके जवाब में सुठालिया महाविद्यालय की टीम मात्र 57 रन ही बना सकी.




# जलवायु परिवर्तन में भारतीय ज्ञान की बड़ी भूमिका

## महाविद्यालय जीरापुर में वेबिनार का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 01 दिसम्बर, सं.** शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग एवं आईक्युएसी के संयुक्त तत्वावधान में क्लाइमेट चेंज एंड बायोडायवर्सिटी विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन ऑनलाइन किया. कार्यक्रम मुख्य संरक्षक डॉ. मथुरा प्रसाद अतिरिक्त संचालक भोपाल नर्मदापुरम एवं संरक्षक डॉ.वी. बी. खरे. प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय (पीमसीओई) राजगढ़ तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा उपस्थिति रहे. डॉ. अजीत कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस, लखनऊ फोरेंसिक बायोलॉजी और सीरोलॉजी डिपार्टमेंट एवं डॉ. देवेंद्र सिंह पोर्टे, असिस्टेंट प्रोफेसर, रूरल टेक्नोलॉजी और सोशल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट, गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी, बिलासपुर तथा गिरीश शिव विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान विभाग, स्व. तुकोजीराव पंवार गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, देवास वर्चुअल रूप से जुड़े रहे. वेबिनार में हिमांशु चाष्टा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एक गंभीर वैश्विक चुनौती है और जैव विविधता संरक्षण के प्रति जागरूकता अनिवार्य है. कार्यक्रम में डॉ. अजीत कुमार ने बदलते जलवायु में जैव विविधता अपराध पर नजर रखना, डॉ. देवेंद्र सिंह पोर्टे ने जैवविविधता, संतुलित पृथ्वी पर अपनी बात रखी.

गिरीश शिव ने जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता की सुरक्षा में स्वदेशी भारतीय ज्ञान की भूमिका पर बात कही. कार्यक्रम का संचालन समन्वयक कनीज अंसारी और सह-समन्वयक डॉ रश्मि सोनी ने किया. डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया.

# गीता का उपदेश हमें सत्य का मार्ग दिखलाता है

**ब्यावरा 01 दिसम्बर, का.** स्थानीय पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गीता जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया.

कार्यक्रम विश्व गीता प्रतिष्ठान एवं नगर पालिका परिषद ब्यावरा एवं पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया. अतिथि एसडीएम गोविंद दुबे, विद्या भारती के प्रांत सह सचिव एडवोकेट चंद्रकांत त्रिपाठी, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू यादव उपस्थित रहे. अतिथि वक्ताओं ने कहा कि गीता का उपदेश हमको या संदेश देता है कि हम संघर्ष करते रहे कभी हार नहीं माने और निरंतर हम गीता के हर श्लोक को स्मरण करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ते रहे. हर घर में गीता हो, हर मन में गीता हो,गीता के श्लोक ऊर्जा का स्त्रोत है, गीता ही सत्य का मार्ग है. भगवान श्रीकृष्ण ने सदैव हमें अन्याय के विरुद्ध लड़ना सिखाया.



**जागरुकता** विश्व एड्स दिवस पर जिले भर में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित, रैली निकाली

# जागरुकता से ही एड्स की रोकथाम की जा सकती है

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 01 दिसम्बर, का.** विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर के अवसर पर, जिला चिकित्सालय राजगढ़ द्वारा एड्स के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया गया. इस रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. जिला चिकित्सालय से शुरू हुई इस जागरूकता रैली में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन को एड्स के कारण, बचाव और उपचार के प्रति जागरूक करना था. जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों, जिसमें पुराना बस स्टैंड, सब्जी बाजार और मुख्य बाजार से होते हुए मंगल भवन पहुंची. रैली के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि एड्स से बचाव ही इसका सबसे प्रभावी समाधान है. जागरूकता रैली के सफल समापन के बाद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल द्वारा रैली में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए स्टील थर्मस बाटल का वितरण कराया गया. यह पहल छात्राओं के उत्साह को बढ़ाने और उन्हें स्वास्थ्य जागरूकता जैसे सामाजिक कार्यों से जोड़ने की दिशा में एक सकारात्मक कदम रहा.




### जागरुकता ही एड्स से बचाव का मूल मंत्र

कार्यक्रम के समापन पर सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया. उन्होंने जोर देकर कहा कि एड्स से बचाव के लिए जागरूकता ही मूल मंत्र है. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को एड्स एवं एचआईवी के संबंध में सही जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने के निर्देश दिए. इस अवसर पर सिविल सर्जन रजनीश शर्मा, एड्स कंट्रोल नोडल डॉ राजीव हरिऔध, डॉ आर के कठेरिया, डॉ जे के शाक्य, सीबीएमओ डॉ एस के मित्तल, डॉ अमित कोहली, कीर्ति सिंह, कौशल पिपलोटिया, साधना बॉथम, ज्योति मीणा आदि मौजूद थे.

